सर्टिफिकेट कोर्स-सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय के मुख्य परिसर के ललिता शास्त्री सभागार में 'समाचार लेखन' विषय पर 25 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2024 तक सर्टिफिकेट कोर्स के लिए प्रतिदिन 08 बजे सुबह से 12 बजे मध्याह्न तक कक्षाएँ संचालित होंगी।

30 घंटे के इस कोर्स को करने के बाद आप समाचार लेखन (न्यूज राइटिंग) के विभिन्न पक्षों और उनके तरीकों को सीख सकेंगे, जिससे सामाजिक एवं राष्ट्रीय योगदान के साथ स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की प्राप्ति हो सकेगी।

जो विद्यार्थी इस कोर्स को पूर्ण करेंगे, उन्हें संबंधित रोजगारपरक ज्ञान के साथ सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा, जो पत्रकारिता के क्षेत्र में करियर को बनाने में सहायक होगा।

इच्छुक विद्यार्थी दिए जा रहे गूगल फार्म को 24 अप्रैल तक पूरित करें। यदि किन्हीं कारणों से उक्त फॉर्म न भरा गया हो, तो 25 अप्रैल को 08 बजे आकर सभागार में भरा जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन एवं प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है। विस्तृत जानकारी 25 अप्रैल 2024 को सुबह 08 बजे आकर प्राप्त करें एवं इस बेहतरीन अवसर का लाभ उठाते हुए कोर्स में सम्मिलित हों।

गूगल फार्म लिंक : https://forms.gle/pU5YJ44bS6zwxXKC7

दिनांक : 20-04-2024

प्रो. रवीन्द्र कुमार
प्राचार्य

(प्रो. शैलेन्द्र नाथ मिश्र)
अध्यक्ष, हिंदी विभाग

हिन्दी विभाग

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा, उ.प्र.

रोजगारपरक प्रमाण पत्र कार्यक्रम

सत्र : 2023-24 और उससे आगे

(Certificate Course)

पाठ्यक्रम का शीर्षक - **समाचार लेखन (News Writing)**

(कोर्स समन्वयक – श्री अच्युत शुक्ल)
सहा. आचार्य, हिंदी विभाग

पाठ्यक्रम की अवधि- **30 घंटे**

प्रतिदिन (दो-दो घंटे के) दो सत्र : 04 घंटे

प्रवेश हेतु अर्हता- श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज में सभी संकायों के स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्र-छात्राएँ हिन्दी विभाग में संपर्क कर प्रवेश ले सकते हैं।

Outcome-

इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर छात्र-छात्राएँ हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में संवाददाता और पत्रकार के रूप में तैयार होकर महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। इसके अंतर्गत समाचारों का शीर्षकीकरण, इंट्रो एवं लीड बनाना, तरह-तरह का समाचार लिखना विद्यार्थी सीख सकेंगे।

- पाठ्यक्रम संबंधी किसी भी तरह की असंगति/कठिनाई का निवारण समन्वयक द्वारा किया जाएगा।

समाचार लेखन

पाठ्यक्रम

- समाचार क्या है ? (01 घंटा)
- समाचार लेखन : उद्भव, विकास एवं स्वरुप । (03 घंटा)
- हिंदी समाचार लेखन का संक्षिप्त इतिवृत्त । (01 घंटा)
- समाचार लेखन की उपादेयता । (01 घंटा)
- प्रिंट पत्रकारिता में समाचार लेखन । (01 घंटा)
- इंटरनेट पत्रकारिता में समाचार लेखन । (01 घंटा)
- समाचार लेखन की प्रविधि । (06 घंटा)
- शीर्षकीकरण । (02 घंटा)
- इंट्रो । (01 घंटा)
- लीड । (01 घंटा)
- समाचार लेखन के विधिक आयाम । (01 घंटा)
- समाचार का भाषिक स्वरुप । (04 घंटा)

  वाक्य विन्यास, शब्द - संरचना, मानक वर्तनी, प्रवाह

प्रायोगिक कार्य (07 घंटा)

- कम्प्यूटर एवं मोबाइल फोन द्वारा समाचार लेखन का अभ्यास।
- यूनिकोड हिंदी टाइपिंग ।

संदर्भ पुस्तकें :

1. समाचार संकलन और लेखन - नन्द किशोर त्रिखा, उ0प्र0 हिन्दी संस्थान, लखनऊ

2. प्रेस विधि - डॉ0 नन्द किशोर त्रिखा, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी

3. मीडिया का वर्तमान- सं. अकबर रिजवी, अनन्य प्रकाशन, दिल्ली

4. सूचना प्रौद्योगिकी और समाचार पत्र- रवीन्द्र शुक्ला, राधाकृष्ण प्रकाशन

5. मीडिया मैनेजमेंट- डॉ0 विजय अग्रवाल, माखन लाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल

6. भारतीय मीडिया व्यवसाय- वनिता कोहली- खांडेकर, सेज प्रकाशन, नई दिल्ली

7. भारतीय मीडिया- धीरंजन मालवे – साहित्य भंडार, इलाहाबाद

8. मीडिया, शासन और बाजार- अरविंद मोहन, वाग्देवी प्रका0 बीकानेर

9. रचनात्मक लेखन- सं0 रमेश गौतम, भारतीय ज्ञानपीठ

10. हिन्दी पत्रकारिता का वृहद इतिहास- डॉ0 अर्जुन तिवारी, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली